जालंधर, रविवार 21 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

सुविचार
जिसका उदय होना निश्चित है उसके लिए प्रकृति भी रास्ता बना देती है।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# AAP का झूठ हो गया एक्सपोज

## LG का दावा- इंसुलिन पर केजरीवाल के डॉक्टर ने ही लगाई थी रोक





### केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश

एलजी की तरफ से जारी इस बयान पर आम आदमी पार्टी ने भी प्रतिक्रिया दी. आतिशी ने कहा, 'तिहाड़ को रिपोर्ट से भाजपा को साजिश दिख गई है. कोई भी डॉक्टर बता देगा 300 शुगर लेवल खतरनाक होता है. भाजपा के कहने पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश चल रही है. CM केजरीवाल को इंसुलिन देने में जेल प्रशासन को क्यों दिक्कत है. 12 साल से वह इंसुलिन ले रहे हैं.'

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी हंगामा किया कर रही है. AAP नेताओं का दावा है कि जेल में उन्हें इंसुलिन की डोज नहीं दी जा रही है और इसकी वजह से उनकी जान को खतरा है. इस पर अब एलजी विनय सक्सेना की तरफ से बयान आया है, जिसमें कुछ और ही कहानी बयां की गई है.

एलजी हाउस से जारी एक बयान में कहा गया है कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने केजरीवाल के स्वास्थ्य पर एलजी को जो रिपोर्ट सौंपी है उससे आम आदमी पार्टी का झूठ उजागर हो गया है. बयान में कहा गया है कि केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा जो भी कहानी बनाई जा रही है वो तेलंगाना के निजी क्लिनिक के उपचार पर आधारित है.

मसलन, एलजी द्वारा जारी बयान के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल इंसुलिन रिवर्सल पर थे और डॉक्टर ने उनकी गिरफ्तारी से काफी दिन पहले ही इंसुलिन की डोज बंद कर दी थी. दिल्ली के स्वास्थ्य सिस्टम को लेकर आम आदमी पार्टी के दावे पर भी एलजी ने कटाक्ष किया और कहा कि फिर भी उन्हें (केजरीवाल को) चोरी-छिपे दक्षिण में जाकर इलाज कराना पड़ रहा है, जिसका वह मेडिकल रिपोर्ट भी नहीं दे सके.

एलजी विनय सक्सेना की तरफ से जारी बयान में जेल (डीजी) द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट का हवाला दिया गया है और कहा गया है :

01. अरविंद केजरीवाल तेलंगाना स्थित निजी डॉक्टर से इलाज करा रहे थे. उनके डॉक्टर ने उन्हें इंसुलिन की डोज देना बंद कर दिया था. वह एंटी-डायबिटीज टैबलेट मेटफॉर्मिन ले रहे थे.
02. तिहाड़ जेल में मेडिकल चेक-अप के दौरान केजरीवाल ने डॉक्टरों को बताया कि वह पिछले कुछ सालों तक इंसुलिन ले रहे थे. कुछ महीने पहले कथित तौर पर तेलंगाना के डॉक्टर ने इंसुलिन लेना बंद कर दिया था.
03. आरएमएल अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल को न तो किसी इंसुलिन की सलाह दी गई थी और न ही किसी इंसुलिन की जरूरत बताई गई थी. 10 और 15 अप्रैल को केजरीवाल के स्वास्थ्य की समीक्षा की गई और उन्हें डायबिटीज के लिए टैबलेट देने की सलाह दी गई थी. यह कहना गलत है कि केजरीवाल को उनके इलाज के दौरान किसी भी समय इंसुलिन से इनकार किया गया था.
04. विशेषज्ञ ने केजरीवाल की जांच करने के बाद यह भी कहा, न्यायिक हिरासत में रहने के बाद से केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल चिंताजनक नहीं है और उन्हें इंसुलिन की भी फिलहाल जरूरत नहीं है.

तिहाड़ जेल प्रशासन ने अरविंद केजरीवाल के लिए एम्स से डाइट प्लान भी मांगा था. इसके लिए एम्स को लिखी एक चिट्ठी तिहाड़ प्रशासन ने बताया था कि सीएम केजरीवाल अपने खाने में क्या सब ले रहे हैं. एलजी ने इसका जिक्र अपने बयान में भी किया है और बताया, केजरीवाल मिठाई, लड्डू, केले, आम, फलों की चाट, तला हुआ भोजन, नमकीन, भुजिया, मीठी चाय, पूरी-आलू, अचार और अन्य हाई कोलेस्ट्रॉल वाली चीजें खा रहे थे.

केजरीवाल के लिए एम्स ने एक डाइट प्लान भी दिया था और कई चीजें उन्हें खाने से मना किया था, जैसे:

1. तला हुआ खाना जैसे पूरी, पराठा, समोसा, पकौड़ा, नमकीन, भुजिया, अचार, पापड़ वगैरह.
2. मिठाई, केक, जैम, चॉकलेट, चीनी, गुड़, शहद, आइसक्रीम.
3. आम, केला, चीकू, लीची, अंगूर जैसे फल.
4. सब्जियों में आलू, अरबी वगैरह.
5. घी, अंडे की जर्दी, मक्खन, फुल क्रीम दूध वगैरह.

### कांग्रेस को बड़ा झटका

## पूर्व सांसद चौधरी संतोख सिंह की पत्नी और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तजिंदर सिंह बिट्टू BJP में शामिल

**जालंधर ( हिमांशु ) :** पंजाब में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। जालंधर से कांग्रेस के सांसद रहे संतोख सिंह चौधरी की पत्नी कर्मजीत कौर चौधरी और हिमाचल कांग्रेस के सहप्रभारी तेजिंदर सिंह बिट्टू बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में उन्होंने भाजपा जॉइन की। कर्मजीत कौर चौधरी जालंधर से लोकसभा टिकट की दावेदार थीं, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें दरकिनार कर पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी को टिकट दे दी। बताया जा रहा है कि इससे नाराज होकर कर्मजीत कौर ने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया।




कर्मजीत कौर चौधरी के पति सांसद संतोख चौधरी की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान निधन हुआ था। इसके बाद उपचुनाव में कांग्रेस ने कर्मजीत कौर को टिकट दी थी लेकिन वे आप के सुशील रिंकू से हार गईं थी।

हालांकि अब सुशील रिंकू भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उधर, तेजिंदर सिंह बिट्टू गांधी परिवार के काफी करीबी माने जाते हैं। वह जालंधर से पनसप चेयरमैन और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

मगर एक दम से उनका कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाना, कांग्रेस को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि इससे जालंधर सहित पंजाब की कई सीटों पर कांग्रेस को नुकसान होगा।






आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247







# आप BJP की भाषा बोल रहे...

## कन्हैया कुमार की टिप्पणी पर भड़के संदीप दीक्षित, मीटिंग में हुई तीखी बहस





**जालंधर( सूरभि शर्मा ):** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली की 7 सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में अब कुछ दिनों का वक्त बचा है, लेकिन कांग्रेस में नेताओं का आपसी झगड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा।

कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है. इसे लेकर पार्टी की दिल्ली यूनिट में खींचतान बढ़ गई है. बीजेपी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को एक बार फिर मौका दिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की तरफ से कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को लेकर उत्तर पूर्वी जिले के पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया भी शामिल थे।

लेकिन यह बैठक बेनतीजा निकली. सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान दिल्ली कांग्रेस के कुछ नेताओं और कन्हैया कुमार के बीच तीखी बहस हुई। बात इतनी बिगड़ गई कि एक नेता ने कन्हैया कुमार को अपशब्द तक कह डाले। हालांकि, बैठक में दिल्ली कांग्रेस के नेताओं और कन्हैया कुमार के बीच बहस वाली बात को प्रभारी दीपक बाबरिया ने खारिज किया।

**कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी से खुश नहीं हैं पुराने नेता-कार्यकर्ता**

लेकिन सूत्रों की मानें तो पहले AAP के साथ गठबंधन और अब कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को लेकर, दिल्ली कांग्रेस में सबकुछ सामान्य नहीं चल रहा। दरअसल, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली सीट से कांग्रेस आलाकमान ने जबसे कन्हैया कुमार को टिकट दिया है, तब से कांग्रेस के स्थानीय नेता उनकी उम्मीदवारी को लेकर तरह-तरह की बयानबाजी करने से पीछे नहीं रह रहे। बगावत की स्थिति को संभालने के लिए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जिलाध्यक्षों और पूर्व विधायकों की बैठक बुलाई थी।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित भी बैठक में पहुंचे थे. वह मंच पर न जाकर पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों के बीच बैठ गए। अरविंदर सिंह लवली ने संदीप दीक्षित को मंच पर बैठने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया. तब कन्हैया कुमार ने उनसे मंच पर आने के लिए कहा, जिस पर संदीप दीक्षित भड़क गए. सूत्रों के मुताबिक उन्होंने बैठक के दौरान कहा कि कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी से कांग्रेस को नॉर्थ-ईस्ट सीट के अलावा दिल्ली की अन्य सीटों पर भी भारी नुकसान होने वाला है।

**कन्हैया कुमार पर भड़के संदीप दीक्षित, दिल्ली प्रभारी से हुई बहस**

इस पर कन्हैया कुमार ने पलटवार करते हुए संदीप दीक्षित से कहा कि वह बीजेपी की भाषा बोल रहे हैं। इतना सुनते ही दीक्षित भड़क गए। सूत्रों की मानें तो उन्होंने कन्हैया कुमार को अपशब्द कह डाले। इसके बाद दीपक बाबरिया और संदीप दीक्षित के बीच भी बहस हो गई और बैठक का कुछ नतीजा नहीं निकला।

फिर कन्हैया कुमार वहां से निकल गए. हालांकि, दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि बैठक सातों सीटों पर चुनाव प्रचार की गति को तेज करने और नई रूपरेखा तैयार करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में तीनों लोकसभा सीटों (AAP के साथ सीट बंटवारे में कांग्रेस दिल्ली की तीन सीटों पर लड़ रही है) पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अंतर्कलह से जूझ रही है कांग्रेस, बीजेपी कार्यकर्ता ग्राउंड पर उतरे

बेशक कन्हैया कुमार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से टिकट देकर कांग्रेस जीत का दम भर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता चुनाव लड़वाते हैं। कन्हैया कुमार युवा नेता हैं और अच्छे वक्त भी हैं। साथ ही पूर्वांचली भी हैं और बीजेपी उम्मीदवार मनोज तिवारी को इस सीट पर अच्छी टक्कर दे सकते हैं। लेकिन स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और पूर्व विधायक उनकी उम्मीदवारी से खुश नहीं हैं।

कांग्रेस कैडर में इस अंतर्कलह का फयदा बीजेपी को हो सकता है। बीजेपी कार्यकर्ता ग्राउंड पर हैं और पार्टी का पूरा संगठन मजबूती के साथ मनोज तिवारी को जिताने में लगा है। एक ची और जो कन्हैया कुमार के खिलाफ जा सकती है, वह पूर्व में जेएनयू में हुई देश विरोधी नारेबाजी, जिसे बीजेपी मुद्दा बना रही है।

## हिमाचल के राज्यसभा चुनाव परिणाम पर हाईकोर्ट का भाजपा सांसद हर्ष महाजन को नोटिस



**जालंधर ( हिमांशु ) :** हिमाचल प्रदेश में फरवरी महीने में राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन की जीत का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। राज्यसभा चुनाव में हार का सामना करने वाले कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी ने हर्ष महाजन के निर्वाचन को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है।

याचिका में राज्यसभा चुनाव के नियमों की धारणा को भी चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने शनिवार को मामले की सुनवाई करते हुए भाजपा सांसद हर्ष महाजन को नोटिस जारी कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को निर्धारित हुई है।

याचिकाकर्ता पक्ष के वकील नीरज गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार रहे अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर हाईकोर्ट में आज जस्टिस अजय मोहन गोयल की कोर्ट में सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल कर सांसद बने एवं प्रतिवादी बनाए गए हर्ष महाजन को नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में अगली सुनवाई 23 को होगी।

क्या है मामला

बता दें कि अभिषेक मनु सिंघवी 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे। इस चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार को बराबर मत पड़े थे। इसके बाद पर्ची से भाजपा के हर्ष महाजन विजेता बने और अभिषेक मनु सिंघवी की हार हुई थी। हार के 40 दिन बाद अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल हाईकोर्ट पहुंचे और हर्ष महाजन के निर्वाचन को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की।

अभिषेक मनु सिंघवी के मुताबिक राज्यसभा चुनाव के दौरान एक समान मत पड़ने पर पर्ची जिस उम्मीदवार की निकलती है उसे हारा हुआ करार देना, यह धारणा कानूनी रूप से गलत है। आम तौर पर जिसका नाम निकलता है उसे जीतना चाहिए। ऐसे में अगर यह धारणा गलत है तो चुनाव परिणाम भी गलत है।

## प्रियंका वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा के खासमखास और जालंधर के बड़े कांग्रेसी नेता आज हो सकते हैं बीजेपी में शामिल

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** जालंधर का वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जो पहाड़ी राज्य का प्रभारी भी रह चुके हैं, सूत्रों अनुसार आज या जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों अनुसार उक्त नेता को खुद भाजपा के बहुत बड़े ओहदेदार शामिल करवा सकते हैं।

गौरतलब है कि यह नेता गांधी परिवार का करीबी है। और पहाड़ी राज्य का प्रभारी होने के साथ साथ जालंधर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन भी रह चुके हैं।








आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# 'कांग्रेस मुद्दों से भटक चुकी है'

## BJP ज्वाइन करने के बाद बोले तजिंदर पाल सिंह बिट्टू




### तेजिंदर बिट्टू हो सकते हैं BJP के आनंदपुर साहब से लोकसभा उम्मीदवार?

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** Congress के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के प्रभारी तेजिंदर सिंह बिट्टू ने आज BJP का दामन थाम लिया है । तजिंदर बिट्टू का कांग्रेस में काफी बड़ा कद था और वह गांधी परिवार के बेहद गरीबी जाने जाते थे। तेजिंदर बिट्टू के भाजपा में आने के बाद से ही चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर उन्हें भाजपा में कहां एडजस्ट किया जाएगा । वहीं BJP के कुछ अंदरूनी सूत्रों से पता चला है कि तेजिंदर बिट्टू को भाजपा आनंदपुर साहिब सीट से लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित कर सकती है।

परंतु इस बारे में अभी तक BJP के सीनियर नेता कुछ भी कहने से इनकार कर रहे हैं। बेशक भाजपा के कुछ और बड़े नाम भी आनंदपुर साहब से चुनाव लड़ने के लिए लिस्ट में हैं। परंतु जिस प्रकार से कांग्रेस के इतने बड़े चेहरे को भाजपा में लाया गया है, उससे लगता है कि बिट्टू को आनंदपुर साहब से चुनाव लड़वाने में में भाजपा को कोई दिक्कत नहीं होगी।

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** तजिंदर पाल सिंह बिट्टू बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बीजेपी ज्वाइन करने के बाद उन्होंने कहा- मैंने कांग्रेस पार्टी में 35 साल लगाए हैं और आज मुझे लगता है कि कांग्रेस मुद्दों से भटक चुकी है।

मैंने पंजाब के भले के लिए सोचा और भाजपा ज्वाइन की। आज पंजाब में अगर कोई सही विकल्प है, जो वहां के लोगों के लिए, पंजाब की तरक्की के लिए काम कर सकता है तो वो भाजपा है। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा दफ्तर पहुंचे।

जहां उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल भी मौजूद थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के जनरल सेक्रेटरी विनोद तवड़े की मौजूदगी में बीजेपी ज्वाइन किया।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी तजिंदर सिंह बिट्टू ने शनिवार, सुबह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के इस्तीफा दे दिया। बिट्टू ने अपना रिजाइन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा था। उन्होंने इस्तीफे में लिखा- मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और AICC हिमाचल प्रदेश के सचिव सह प्रभारी पद से इस्तीफा देता हूं।

AICC के हिमाचल प्रदेश प्रभारी सचिव और प्रियंका गांधी के करीबी तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

#### कांग्रेस के 6 विधायकों ने दिया था बीजेपी को समर्थन

हिमाचल प्रदेश में कुछ ही दिनों पहले राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के 6 विधायकों ने बीजेपी उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में वोट किया था। इतना ही नहीं, पार्टी में उठापटक के बीच कुछ ही समय में उन सभी विधायकों ने भाजपा ज्वाइन भी कर लिया था। जिसके बाद कांग्रेस सरकार में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती गई।

#### कांग्रेस में लंब समय से थे सक्रिय

**पंजाब के जालंधर के रहने वाले तेजिंदर सिंह बिट्टू कांग्रेस पार्टी में कई वर्षों से सक्रिय राजनीति कर रहे थे। हालांकि, बीच के समय में काफी समय के लिए राजनीति से दूर हो गए थे। साल 2017 में कांग्रेस पार्टी ने जब पंजाब की सत्ता में वापसी की तो उन्हें पनसप का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। जिसके बाद उन्होंने राजनीति में फिर से एंट्री की थी।**

### अब जालंधर सेंट्रल और नॉर्थ में भी लगेंगे कांग्रेस को झटके, कई बड़े नेता भाजपा के संपर्क में

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** जालंधर तेजिंदर सिंह बिट्टू और कर्मजीत कौर के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को तगड़े झटके लगे हैं। अभी कांग्रेस इन झटकों से ही उभर नहीं पा रही है कि कुछ ही दिनों में कांग्रेस को कई और बड़े झटके लगने जा रहे। अब झटका जालंधर सेंट्रल और जालंधर नार्थ हलके से लगने जा रहा है। इन दोनों हलको के कई बड़े कांग्रेसी नेता भाजपा के संपर्क में है और जल्दी ही यह नेता भाजपा को मजबूती दे सकते हैं। ऐसा लगता है कि चुनाव की तारीख से पहले कांग्रेस का पूरा कुनबा खाली हो जाएगा।



# ED के एक्शन के बाद शिल्पा शेट्टी ने किया 'सरेंडर'? राज कुंद्रा बोले- 'बस बहुत हो गया.'

**जालंधर (सूरभि शर्मा) :** बॉलीवुड के पॉपुलर कपल शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं। राज कुंद्रा तो बार-बार नॉर्मल लाइफ जीने के लिए स्ट्रगल करते नजर आ रहे हैं। पहले अश्लील फिल्मों से जुड़े मामले में एक्टर को जेल हो गई थी जिसके बाद शर्मिंदगी के कारण वो अपना मुंह छिपाने पर मजबूर हो गए थे। काफी समय लेने के बाद अब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई थी और अब प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर उन पर अपना शिकंजा कस लिया।

### करोड़ों की प्रॉपर्टी कुर्क होने के बाद राज और शिल्पा का रिएक्शन

बीते दिन ईडी ने राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त कर ली। इसमें जुहू वाला बांग्ला भी शामिल है जो राज कुंद्रा की पत्नी यानी एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के नाम है। इस खबर के बाहर आते ही सनसनी मच गई। हालंकि, कपल ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी और कोई भी टिप्पणी नहीं की।

वहीं, अब इन दोनों के सोशल मीडिया पोस्ट सामने आ गए हैं। राज और शिल्पा ने अब अपने पोस्ट में जो कहा है वो देखने के बाद फैंस को जोर का झटका लग सकता है। अब शिल्पा शेट्टी सरेंडर करने की बात कह रही हैं ये देखकर फैंस भी दंग हैं।

### सरेंडर करेंगी शिल्पा शेट्टी?

दरअसल, कुछ देर पहले शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक स्टोरी शेयर की है। इसमें वो सरेंडर करने की बात करती दिख रही हैं। तो फैंस के मन में अब ये सवाल हैं कि क्या वो अपने हालातों से हार मान चुकी हैं और गिव अप कर देना चाहती हैं। या फिर शिल्पा शेट्टी किसी और तरफ इशारा कर रही हैं। बता दें, जिस पोस्ट में उन्होंने सरेंडर करने की बात की है उसमें उन्होंने साईं बाबा की तस्वीर शेयर की है। एक्ट्रेस ने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में '? साई राम' और साथ ही #Surrender लिखा है। अब ये पोस्ट देखने के बाद एक्ट्रेस के फैंस टेंशन में हैं।



**राज कुंद्रा का पोस्ट देख फैंस के उड़े होश :** वहीं, राज कुंद्रा ने भी कुछ देर पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से ऐसा ही एक क्रिप्टिक नोट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'एक अच्छा इंसान बनने का समय होता है। और यह कहने का समय आ गया है कि बस अब बहुत हो गया।' अब इस पोस्ट से वो क्या कहना चाहते हैं वो तो सिर्फ वहीं जानते हैं। बता दें, इससे पहले भी राज ने ऐसा ही पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने इससे पहले अपने पोस्ट में लिखा था- 'जब आप अपमानित महसूस कर रहे हो उस वक्त शांत रहना सीखना भी एक अलग तरह की ग्रोथ है।'




# कोर्ट ने खारिज की सिसोदिया की अंतिम जमानत

## अब 30 अप्रैल को होगा फैसला, मिलेगी राहत या जेल

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है। सीबीआई तथा ईडी का आरोप है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए। सीबीआई ने कहा सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए, जमानत मिली तो सिसोदिया



सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान श्वष्ठ के वकील ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने सिसोदिया को केस का मास्टरमाइंड माना है। वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया।

बता दें कि मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, श्वष्ठ ने 9 मार्च 2023 को CBI की FIR से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिका लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी याचिका खारिज हो गई। मार्च 2024 में सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट में दोबारा जमानत अर्जी लगाई है, जिस पर सुनवाई बाकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों का तूफानी कहर, IPL के इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में IPL के 35वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच चल रहा है। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 ओवर में 125 रन बना लिए जोकि IPL के पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है, इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2017 में RCB के खिलाफ 105 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने पहले ओवर से दिल्ली के गेंदबाजों की कुटाई शुरू कर दी। पारी के तीसरे ही ओवर में उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उन्होंने तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर एनरिच नोर्तजे के खिलाफ छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पहले ओवर में हेड ने खलील अहमद के खिलाफ 15 रन बनाए। फिर दूसरे ओवर में उन्होंने ललित यादव के खिलाफ 17 रन जड़े। तीसरे ओवर में नॉर्तजे को 22 रन जड़कर 16 गेंदों पर 54 रन ठोक दिए। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी हुई।

#### आईपीएल में पॉवरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर

125/0 - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 2024*
105/0 - कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 2017
100/2 - चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स, 2014
90/0 - चेन्नई सुपर किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस, 2015
88/1 - कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, 2024*

# गाय के दूध में मिला जानलेवा वायरस, WHO ने दी चेतावनी


**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** दूध पीना फायदेमंद बताया गया है। इसका कारण है कि दूध में प्रोटीन के साथ बहुत साथ सारे पौषक तत्व भी होते हैं।

दूध अगर गाय का हो तो यह और भी ज्यादा फायदेमंद हो जाता है। लेकिन हाल ही में इसमें बर्ड फ्लू (HzNv) वायरस मिला है, जिसे लेकर World Health Organisation (WHO) ने चेतावनी जारी की है। यह वायरस अमेरिका में मिला है। इसे लेकर अमेरिका की कई डेयरियों से दूध का सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है।



### जानलेवा है यह वायरस

बर्ड फ्लू वायरस हमारे लिए नया नहीं है। यह वायरस भारत में अपना असर दिखा चुका है। यह वायरस पक्षियों के जरिए इंसानों में चला जाता है जिससे इस वायरस की चपेट में आए शख्स की मौत भी हो सकती है। भारत में करीब 10 साल पहले यह वायरस काफी जगह फैला था, जिससे लोगों में दहशत पैदा हो गई थी। इस वायरस के कारण काफी संख्या में उन मुर्गियों और दूसरे पक्षियों को जिंदा दफना दिया गया था, जिनमें यह वायरस पाया गया था।



पक्षियों में पाए जाने वाला यह वायरस अब दूसरे जानवरों और इंसानों तक पहुंच गया है। जानवरों में पहले यह बिल्लियों, भालू, लोमड़ी आदि में पाया जाता था। इस महीने की शुरुआत में यह वायरस गाय में भी मिला है।

### दूध में कहां से आया यह वायरस

मार्केट में मिलने वाला पैकेटबंद दूध पाश्चुराइज्ड मिल्क होता है। इसे गर्म करके तुरंत ही ठंडा किया जाता है जिससे इसमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया मर जाते हैं। इसके बाद इसे पैक करके मार्केट में बेचने के लिए भेज दिया जाता है। यह बर्ड फ्लू वायरस इसी पाश्चुराइज्ड दूध में पाया गया है। यह वायरस अभी भारत में गाय के दूध में नहीं मिला है। यह अभी अमेरिका में ही मिला है।

### गाय से इंसान में पहुंचा वायरस

अमेरिका की एक डेयरी में काम करने वाला एक शख्स इस बर्ड फ्लू वायरस की चपेट में आ गया। WHO के एक अधिकारी के मुताबिक यह ऐसा पहला मामला है जिसमें बर्ड फ्लू किसी जानवर से होते हुए इंसान में पहुंचा है। ऐसे में यह उन लोगों के शरीर में भी पहुंच सकता है जो गाय के दूध का सेवन करते हैं।

WHO के मुताबिक अगर गाय बर्ड फ्लू के वायरस की चपेट में आ जाती है तो यह वायरस गाय के कच्चे दूध में भी पहुंच सकता है जिसे इंसानों तक पहुंचे में देर नहीं लगेगी। हालांकि इस चीज को लेकर रिसर्च जारी है कि यह वायरस कच्चे दूध में कितनी देर जिंदा रह सकता है।

# लोकसभा चुनाव के प्रचार में प्रियंका गांधी ने किया पाकिस्तान का जिक्र

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल के पथानामथिट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा. इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक साथ ही आजाद हुए थे, लेकिन दोनों के बीच अंतर साफ है. प्रियंका गांधी वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, सबसे बड़ी बात, जिसने हमें एक साथ रखा है और जिसने हमारे देश की निरंतर प्रगति सुनिश्चित की है. वह यह है कि हम एक लोकतांत्रिक देश हैं. भाजपा हमेशा कहती है कि 70 सालों में क्या हुआ है. मुझे लगता है कि यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि हमने एक मजबूत और जीवंत लोकतांत्रिक राष्ट्र का निर्माण किया है. पाकिस्तान को ही देख लीजिए, जो हमारे साथ ही आजाद हुआ था. वे कहां हैं और हम कहां हैं.



### प्रियंका ने केरल को बताया अपना दूसरा घर

उन्होंने आगे कहा कि केरल आना हमेशा ही अच्छा रहा है. अब तो और भी अधिक, क्योंकि पिछले 5 वर्षों से मेरे भाई ने इस जगह को अपना दूसरा घर बना लिया है. हमारे यहां अलग-अलग धर्म, भाषाएं, जातियां और संस्कृतियां हैं. आज बहुत कम लोग हैं जिन्हें इस बात का अहसास है कि यह कितनी बड़ी उपलब्धि है कि हम एक-दूसरे के साथ खुशी-खुशी रहते हुए यहां तक आए हैं.

### प्रियंका ने मोदी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

प्रियंका ने केंद्र की मोदी सरकार को भी निशाने पर लिया. उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में हर संस्था कमजोर हो गई है या लगभग नष्ट हो गई है. हमारा मीडिया पूरी तरह से पीएम के बेहद अमीर दोस्तों द्वारा नियंत्रित है, जो उद्योग के एक बड़े क्षेत्र को भी नियंत्रित करते हैं. हमारी न्यायपालिका को धमकाया जाता है और एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष को परेशान करने के लिए किया जाता है. प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी भारत के संविधान को बदलने की बात करते हैं, वे हमारे लोकतंत्र में आपकी भागीदारी को कमजोर करना चाहते हैं.